अपनी शरण में लीजिये

अपनी शरण में लीजिये हमको भी श्याम प्यारे,
इतनी दया तो कीजिये हम भी तो है तुम्हारे,
अपनी शरण में लीजिये ......

ना जाने कितने तारे कितनो को तू संभाले,
कितनो की नैया प्यारे मझधार से निकाले,
मेरा तो है सब तेरा और हम है तेरे सहारे,
अपनी शरण में लीजिये ....

आधार मेरा तू ही कमजोरी है तू मेरी,
दिन रात इस लिए तो धरकार मुझको तेरी,
देनी है जान तुझसे धड़कन हो तुम हमारी,
अपनी शरण में लीजिये...

ऐसा है तू खिलाडी जब तक मर्जी खेले,
तेरे पास ऐसे पासे जब चाहे बाजी लेले,
चलता तू चाल ऐसी जो जीते वो हारे,
अपनी शरण में लीजिये ....

है दोनों हाथ ऊचे और क्या कहु मैं स्वामी,
कहता पवन हवाले तेरे ये ज़िंदगानी,
अब श्याम हो चली है नैया लगा किनारे,
अपनी शरण में लीजिये ....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5026/title/apni-sharn-me-lijiye-humko-bhi-shyam-pyare-itni-daya-to-kijiye-hum-bhi-to-hai-tumhare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |